

# चेन्नई ने हैदराबाद को दिया 181 रन का लक्ष्य

## ब्रेविस-दुबे ने संभाली पारी, कमिंस ने झटके तीन विकेट

**चेन्नई, 18 मई. आईपीएल 2026 के 63वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के सामने 181 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा. चेपॉक स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में चेन्नई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बनाए.**

शुरुआती झटकों के बावजूद डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे ने अहम साझेदारी कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया. वहीं, हैदराबाद की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट अपने नाम किए.

चेन्नई की शुरुआत आक्रामक रही. संजू सैमसन और ऋतुराज गायकवाड़ ने पहले विकेट के लिए तेजी से रन जुटाए. सैमसन शुरुआत से ही अच्छे लय में दिखे और उन्होंने कुछ आकर्षक चौके लगाए. हालांकि, उनकी पारी ज्यादा लंबी नहीं चल सकी. पैट कमिंस ने उन्हें ईशान किशन के हाथों कैच कराकर चेन्नई को पहला झटका दिया. सैमसन ने 13 गेंदों में 27 रन बनाए. इसके बाद उर्विल पटेल बल्लेबाजी के लिए आए और आते ही बड़े शॉट लगाने शुरू कर दिए. उन्होंने केवल आठ गेंदों में दो छक्कों की मदद से 13 रन बनाए, लेकिन वह भी ज्यादा देर टिक नहीं सके. उर्विल के आउट होने के बाद कार्तिक शर्मा ने पारी को संभालने की कोशिश की. उन्होंने ऋतुराज के साथ मिलकर रन गति बनाए रखी. कार्तिक ने 19 गेंदों में 32 रन की तेज पारी खेली, लेकिन कमिंस ने उन्हें भी पवेलियन भेज दिया.

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ संघर्ष करते नजर आए. वह शुरुआत में सहज नहीं दिखे और बड़े शॉट लगाने में असफल रहे. आखिरकार 21 गेंदों में 15 रन बनाकर वह भी आउट हो गए. उनका विकेट भी कमिंस के खाते में गया. एक समय चेन्नई की टीम लगातार विकेट गिरने के कारण दबाव में आ गई थी. ऐसे समय में डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे ने पारी को संभाला.

### सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत तेज रही

181 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत तेज रही. अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने पहले ही ओवर से आक्रामक बल्लेबाजी शुरू कर दी. अभिषेक ने कुछ शानदार शॉट खेलकर रन गति को तेज रखा. शुरुआती ओवरों में हैदराबाद ने बिना विकेट गंवाए तेज रन बनाए और टीम ने मजबूत शुरुआत के संकेत दिए. चेन्नई के गेंदबाजों पर अब दबाव बढ़ गया है. टीम को मुकाबले में वापसी के लिए जल्द विकेट लेने होंगे. वहीं, हैदराबाद की नजरें इस लक्ष्य को हासिल कर प्लेऑफ की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत करने पर होंगी. चेपॉक की धीमी पिच पर यह मुकाबला अब रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है और दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है. हैदराबाद की गेंदबाजी की बात करें तो पैट कमिंस सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल में तीन विकेट हासिल किए और चेन्नई के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया. साकिब हुसैन ने भी दो विकेट चटकाए. वहीं, प्रफुल्ल हिंगे और ईशान मलिंगा को एक-एक सफलता मिली.


### एक नजर में



#### 15 से 27 अगस्त के बीच खेलेंगे टेस्ट सीरीज़

**कोलंबो.** श्रीलंका और भारत के बीच अगस्त महीने में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी. टेस्ट मैच की तारीख अभी तय नहीं हुई हैं. यह सीरीज़ मौजूदा आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चरण का हिस्सा है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के सूत्रों ने क्रिकबज को बताया है कि मैच 15 से 27 अगस्त के बीच खेले जाएंगे. श्रीलंका क्रिकेट ने मैचों के लिए दो सप्ताह का कार्यक्रम तय किया है. हालांकि, भारत के श्रीलंका दौरे पर टी-20 सीरीज को लेकर असमंजस बना हुआ है. अभी तक इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई है कि इस दौरे में कौन से तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच जोड़े जाने थे. ये दो टेस्ट लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के बाद होंगे, जो नौ अगस्त को खत्म होगी और तय कार्यक्रम की जानकारी सीरीज़ से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ साझा कर दी गई है, जिसमें भारतीय टीम भी शामिल है.

#### कामी रीता ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड



**काठमांडू.** नेपाल के जाने-माने पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने माउंट कोमोलांगमा पर 32वीं बार चढ़ाई कर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे अधिक बार चढ़ने के अपने विश्व रिकॉर्ड और मजबूत कर लिया. नेपाल के पर्यटन विभाग ने रविवार को बताया कि 55 साल के कामी रीता स्थानीय समयानुसार सुबह 10:12 बजे 8,848.86 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे. विभाग ने कहा, 'कोमोलांगमा आधार शिविर में डिपार्टमेंट के फील्ड ऑफिस से मिली जानकारी के आधार पर, यह चढ़ाई 14 पीक्स एक्सपीडिशन के एक ग्रुप को लीड करते हुए पूरी की गई.' मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उनके सबसे करीबी कॉम्पिटिटर पासंग दावा शेरपा हैं, जो माउंट कोमोलांगमा की चोटी पर 29 बार पहुंच चुके हैं. कामी रीता ने पहली बार 1994 में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की थी और तब से वे दुनिया भर में पर्वतारोहण करने वाले सबसे मशहूर लोगों में से एक बन गए हैं.

#### पहलवान महेंद्र बने 'हिंद केसरी'



**सतारा.** महाराष्ट्र के पहलवान महेंद्र गायकवाड़ ने सतारा के छत्रपति शाहू स्टेडियम में हुई दो दिन की 52वीं हिंदी केसरी कुश्ती चैंपियनशिप में पृथ्वीराज मोहोल को हराकर मशहूर 'हिंद केसरी' का खिताब जीता. राजेश्वर प्रतिष्ठान और तालीम संघ ने इस चैंपियनशिप का आयोजन किया. सतारा में पहली बार यह कुश्ती चैंपियनशिप खेली गई. 'हिंद केसरी' खिताब के लिए एक फ़ाइनल कुश्ती मुक़ाबला कल देर रात 12 बजे के बाद हुआ, जिसमें बहुत कांटे का मुक़ाबला हुआ जिसमें पृथ्वीराज मोहोल घायल हो गए और आगे खेलने से मना कर दिया. इसी आधार पर, रेफ़री ने गायकवाड़ को हिंदी केसरी खिताब का विजेता घोषित किया. महिलाओं के ग्रुप में, काजल दोचक (हरियाणा) ने खुशी दलाल (दिल्ली) को पॉइंट्स के आधार पर हराकर 'महिला हिंदी केसरी' का खिताब जीता. 'हिंद केसरी' खिताब की चैंपियन गायकवाड़ को एक नई थार कार, एक सिल्वर गदा (गड़ा) और 20 लाख रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया. उप विजेता मोहोल को एक ट्रैक्टर मिला.

#### डिसएबिलिटी एलीट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ




**बेंगलुरु.** कर्नाटक स्टेट दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 5वें नेशनल फिजिकल डिसएबिलिटी एलीट नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ कर्नाटक की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं उत्साहपूर्ण माहौल के बीच भव्य रूप से किया गया. देशभर की शीर्ष टीमें इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं, जहां खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का राष्ट्रीय मंच मिल रहा है. इस अवसर पर डीसीसीआई सचिव रविकांत चौहान ने कहा कि डीसीसीआई लगातार 24 टीमों के साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहा है, लेकिन इस वर्ष प्रतियोगिता को अधिक प्रतिस्पर्धात्मक और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शीर्ष 12 टीमों के साथ एलीट टूर्नामेंट आयोजित करने का निर्णय लिया गया है. इसके अतिरिक्त अन्य 12 टीमों के लिए प्लेट ग्रुप प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी. उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार करना है. उन्होंने आगे कहा कि संस्था लगातार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रही है.

# उत्तर कोरिया ने जीता अंडर-17 का पांचवां खिताब

## यू जोंग हयांग के चार गोल से जापान को हराकर खिताब अपने नाम किया

**सूज़ौ, 18 मई. अंडर-17 महिला एशियन कप 2026 के फाइनल में उत्तर कोरिया ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए जापान को 5-1 से हराकर रिकॉर्ड पांचवां खिताब अपने नाम कर लिया.**



इस ऐतिहासिक जीत की सबसे बड़ी हीरो यू जोंग हयांग रहीं, जिन्होंने अकेले चार गोल दागकर मैच का पूरा रुख बदल दिया और टीम को एकतरफा जीत दिलाई. मैच की शुरुआत से ही उत्तर कोरिया ने आक्रामक खेल दिखाया और 30वें मिनट में यू जोंग हयांग ने पहला गोल कर टीम को बढ़त दिला दी. यह गोल तब आया जब एक टीममेट का शॉट ठीक से कनेक्ट नहीं हुआ, लेकिन यू ने मौके को भांपते हुए गेंद को अपने नियंत्रण में लिया और शानदार अंदाज में गोल में बदल दिया. पहले हाफ में ही उत्तर कोरिया ने मैच पर पकड़ मजबूत कर ली थी.

> दूसरे हाफ की शुरुआत के पांच मिनट बाद ही यू जोंग हयांग ने एक और शानदार गोल करते हुए जापान की मुश्किलें और बढ़ा दीं. उन्होंने जापानी गोलकीपर के ऊपर से बेहतरीन लॉब फिनिश कर स्कोर 2-0 कर दिया. हालांकि जापान ने हार नहीं मानी और 53वें मिनट में युमी हयाशी ने गोल कर टीम को वापसी की उम्मीद दी लेकिन यह उम्मीद ज्यादा देर तक टिक नहीं सकी. सिर्फ दो मिनट बाद ही किम वोन सिम ने यू जोंग हयांग की मदद से तीसरा गोल कर उत्तर कोरिया की बढ़त को फिर मजबूत कर दिया.

# ग्वालियर- उज्जैन के बीच होगा पहला हॉकी मुकाबला

### 03 जून को होगा रोमांचक मेच

**इंदौर, 18 मई तीन जून से इंदौर में आयोजित हो रही मध्य प्रदेश लीग 2026 इस बार और भी रोमांचक होने वाली है.**

लीग में हुए विस्तार के बाद इस बार पुरुष वर्ग में 10 और महिला वर्ग में पांच फ्रेंचाइज़ी टीमें खिताबी जंग के लिए संघर्ष करती नजर आएंगे. पुरुष वर्ग में मालवा स्टैलियंस, उज्जैन फाल्कन्स और रॉयल निमाड़ ईगल्स को नई टीमों के रूप में शामिल किया गया है, जो मौजूदा टीमों भोपाल लेपर्ड्स, बुंदेलखंड बुल्स, चंबल घड़ियाल्स, ग्वालियर चीताज, इंदौर पिंक पैंथर्स, जबलपुर रॉयल लायंस और रीवा जगुआर्स के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगी. महिला वर्ग में ग्वालियर शेरनीज और रॉयल निमाड़ ईगल्स दो नई फ्रेंचाइजी जोड़ी गई हैं. ये टीमें भोपाल वुल्व्स, बुंदेलखंड बुल्स और चंबल घड़ियाल्स के साथ विस्तारित पांच टीमों की प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी. पुरुष वर्ग के टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला 3 जून को शाम 7:30 बजे होलकर स्टेडियम में ग्वालियर चीताज और उज्जैन फाल्कन्स के बीच खेला जाएगा.




# मलेशिया मास्टर्स में उतारेगी भारत की 26 सदस्यीय टीम

**कुआलालंपुर, 18 मई पेरिस 2024 के सेमी-फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलने वाली 26 सदस्यों वाली भारतीय टीम में सबसे बड़े आकर्षण होंगे. कुआलालंपुर के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में कल से शुरू होने वाले मलेशिया मास्टर्स से पीवी सिंधु के हटने और पिछले हफ़्ते थाईलैंड ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाले डबल्स स्टार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के नहीं खेलने के फैसले के साथ, भारत टूर्नामेंट में अधिकतर युवा टीम उतारेगा.**

पुरुषों के एकल में, लक्ष्य को आठवीं सीड दी गई है और मेन ड्रॉ में उनके साथ 2023 मलेशिया मास्टर्स चैंपियन एचएस प्रणय, किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली होंगे. एस शंकर मुथुसामी क्वालिफायर से शुरुआत करेंगे. एमआर अर्जुन/हरिहरन अम्साकारुनन अकेली भारतीय पुरुष युगल टीम होगी.

> भारत की टॉप महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद अभी भी बाहर हैं क्योंकि गायत्री जॉली चोट से उबर रही हैं. रुतपर्णा पांडा/श्वेतापर्णा पांडा और अश्विनी भट्ट के/शिखा गौतम इस साल के मलेशिया मास्टर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली दो टीमें होंगी.

उन्नति हुड्डा को महिला एकल मेन ड्रॉ में छठी सीड मिली है, जिसमें मालविका बंसोड़, अनमोल खरब, देविका सिहाग, तन्वी शर्मा, इशारानी बरुआ और रक्षिता रामराज जैसी कई भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं. मार्च में ऑरलियन्स मास्टर्स के बाद पहली बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर लौट रही आकर्षि कश्यप क्वालिफाइंग राउंड से शुरुआत करेंगी.

# हॉकी टीम में युवा प्रतिभा के साथ अनुभव का मिश्रण

**नयी दिल्ली, 18 मई हॉकी इंडिया ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौर पर पर्थ स्टेडियम में 26 से 30 मई तक होने वाली चार मैचों की सीरीज के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी.**



इसी सीरीज के मैच 26, 27, 29 और 30 मई को होंगे. यह दौरा भारतीय टीम को 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2025-26 के लिए तैयार करेगा. भारतीय टीम इस साल की शुरुआत में अर्जेंटीना में शानदार प्रदर्शन के बाद इस टूर पर जा रही है, जहाँ उन्होंने अपनी चार मैचों की सीरीज़ में दो जीत हासिल करने के लिए काफी फाइट दिखाई थी. तब से, टीम साई बेंगलुरु में नेशनल कैंप में कड़ा अभ्यास कर रहा है, ताकि आने वाले व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सीजन की तैयारी के लिए अपने खेल के खास पहलुओं को बेहतर बना सके.

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतने वाली सलीमा टेटे टीम की अगुवाई करेंगी. उनके पास सविता, सुशीला चानू पुखरामबम, लालरेमसियामी और नवनीत कौर जैसी अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ सोनम, हिना बानो और लालथंतलुआंगी जैसी रोमांचक युवा प्रतिभाएं भी होंगी. इस दौरे के लिए गोलकीपिंग डिपार्टमेंट में सविता और बीचू देवी खारीबाम भरोसेमंद ऑप्शन होंगी. डिफेंस में, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, लालथंतलुआंगी और ज्योति, शिल्पी डबास के साथ खेलेंगी, जिन्हें पहली बार सीनियर टीम में जगह मिली है. लालथंतलुआंगी को भी पहली बार सीनियर टीम में जगह मिली है.

## नेपाल ने क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 में स्कॉटलैंड को छह विकेट से हराया

**कीर्तिपुर.** ललित राजबंशी (चार विकेट), संदीप लामिछाने (तीन विकेट) के बाद कप्तान रोहित पौडेल (74) और इशान पांडे (55) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत नेपाल ने स्कॉटलैंड के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज की. इसी के साथ नेपाल ने आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 स्टैंडिंग में अहम बढ़त हासिल करते हुए पांचवें स्थान पर पहुंच गए. आज यहां आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2027 के लिए एक अहम क्वालीफिकेशन लीग 2 में नेपाल ने जीत दर्ज की. स्कॉटलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया.

# एरॉन राय ने जीता यूएस पीजीए का खिताब

**डुपेन्सिलवेनिया, 18 मई इंग्लैंड के एरॉन राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस पीजीए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया. यह उनके करियर का पहला बड़ा खिताब है. वह एक सदी से ज्यादा समय में वानामेकर ट्रॉफी जीतने वाले पहले इंग्लिश खिलाड़ी है. और एक दशक में जीतने वाले पहले गैर-अमेरिकी है.**



पिछले चार दिनों में जिस कोर्स सेट-अप ने कई लोगों के दिमाग को उलझाया हुआ था, उस पर 31 साल के राय ने रविवार के आखिरी राउंड में साफ और शांत होकर खेला. वॉल्वरहैम्प्टन में जन्मे राय ने खुद को लीड में लाने के बाद, एक जादुई पल ने यह पक्का कर दिया कि वे गोल्फ की दुनिया में हमेशा याद किए जाएंगे.

17वें ग्रीन पर 69 फुट का पुट लगाकर - जो पूरे हफ्ते का दूसरा सबसे लंबा पुट था - जीत लगभग पक्की कर दी. इससे राय, जो कभी किसी मेजर में टॉप 10 में नहीं रहे थे, को शानदार फाइव-अंडर-पार 65 का स्कोर बनाने और कुल मिलाकर नौ अंडर पर रहने में मदद मिली. यह स्पेन के दो बार के मेजर चैंपियन जॉन रहम और अनजान अमेरिकी एलेक्स स्माले - जो रातों-रात लीडर बने थे - से तीन शॉट आगे रहने के लिए काफी था, जो संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे.

### आईपीएल 2026 | सवाई मानसिंह स्टेडियम में होगा बड़ा मुकाबला

# लखनऊ-आरआर को जीत के बाद दिखेगी प्लेऑफ की राह

**जयपुर, 18 मई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लीग चरण के अंतिम पड़ाव पर राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मंगलवार को होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले में जीतने पर ही प्लेऑफ की राह मिलेगी.**




यहां के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच लीग चरण में दोनों टीमें ऐसी स्थिति में हैं जहां हर मैच का नतीजा उनके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है. यह मुकाबला राजस्थान की घरेलू मैदान पर मजबूत पकड़ और लखनऊ की संतुलित टीम के बीच एक रणनीतिक जंग होने की उम्मीद है. ऐसा माना जाता है कि यहां की पिच की बात की जाये तो यह एक ऐसा मैदान जो समझदारी से बल्लेबाजी करने वालों को पुरस्कृत करता है. मध्य ओवरों में स्पिनरों को मदद देती है, जबकि बल्लेबाजों के सेट होने के बाद बल्लेबाजी आसान हो जाती है. यहां शॉट लगाने के लिए सिर्फ ताकत की नहीं, बल्कि धैर्य जरूरी है. हालांकि, अगर पिच रोशनी में धीमी हो जाती है तो लक्ष्य का पीछा करना कभी-कभी मुश्किल हो जाता है.

आरआर की बल्लेबाजी उसकी सबसे बड़ी तातक रही है. यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और कप्तान रियान पराग के आस-पास दिखाई देती है. गेंदबाजी की अगुवाई कमान जोफ्रा आर्चर कर रहे है. गेंदबाजी की बात करें तो, आरआर का स्पिन आक्रमण उनकी रणनीति का मुख्य हिस्सा होगा. जयपुर की पिच अक्सर धीमी गति के गेंदबाजों के लिए मददगार होती है, और रॉयल्स डॉट गेंदों और नियंत्रित विविधताओं के जरिए दबाव बनाकर इस लाभ का फायदा उठाने की कोशिश करेगी.

> वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स इस मैच में अनुभवी और युवा प्रतिभाओं से युक्त एक सुव्यवस्थित टीम के साथ उतर रही है. उनकी सबसे बड़ी ताकत विभिन्न विभागों में संतुलित बल्लेबाजी है, जो उन्हें हराना मुश्किल बनाती है. एलएसजी की बल्लेबाजी शुरुआती ओवरों में अच्छी शुरुआत देने और जल्दी विकेट गिरने से बचने का प्रयास करेगी. उनके शीर्ष क्रम को मध्य ओवरों में तेजी से खेलने से पहले नई गेंद का सावधानीपूर्वक सामना करना होगा.